## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–06.12.2024 (दोपहर–1455 बजे)

हेमंत सोरेन मंत्रिमंडल में विभागों का बंटवारा हो गया है। कांग्रेस से राधाकृष्ण किशोर को वित्त विभाग, दीपिका पांडे्य सिंह को ग्रामीण विकास विभाग, इरफान अंसारी को स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग और शिल्पी नेहा तिर्की को कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग सौंपा गया है। वहीं झामुमो के दीपक बिरूआ को परिवहन विभाग, चमरा लिंडा को अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, हफीजुल हसन को जल संसाधन विभाग, रामदास सोरेन को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, सुदिव्य कुमार को नगर विकास एवं आवास विभाग और योगेंद्र प्रसाद को पेयजल एवं स्वच्छता विभाग सौंपा गया है। इधर राजद के संजय प्रसाद यादव को श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग की कमान दी गयी है।

*****************

वहीं मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने दावा किया है कि आने वाले पांच सालों में राज्य के विकास को नयी दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि वित्तीय प्रबंधन के जरिये राज्य को सशक्त बनाने की पहल की जायेगी।

*****************

रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने चार के मुकाबले दो के बहुमत से रेपो दर को छह दशमलव पांच शून्य प्रतिशत पर बनाए रखने का फैसला किया है। इसी तरह स्थायी जमा सुविधा दर छह दशमलव दो पांच प्रतिशत और बैंक दर छह दशमलव सात पांच प्रतिशत पर बनी रहेगी। बैंक ने फरवरी 2023 से इन दरों पर यथास्थिति बनाए रखी है।

*****************

हर वर्ष सात दिसंबर को सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया जाता है। यह परंपरा सन 1949 से निरंतर चली आ रही है। इस सिलसिले में आज सेना के एक पांच सदस्यीय शिष्टमंडल ने राजभवन में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात की और उन्हें सेना के झंडे वाला बैज लगाया। इस मौके पर राज्यपाल ने राष्ट्र की उत्कृष्ट सेवा के लिए सैनिकों का आभार जताया।

*****************

नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को एक और सफलता मिली है। पुलिस ने लातेहार जिले से चार नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से लगभग चार दर्जन जिन्दा कारतूस भी मिले हैं। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने बताया कि प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के रिजनल कमांडर छोटू खरवार की हत्या में इन्हीं चारों नक्सलियों की संलिप्तता रही है।

*****************

बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर के 69वें महापरिनिर्वाण दिवस पर आज कृतज्ञ राष्ट्र उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। भारतीय संविधान के शिल्पी डॉक्टर आम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान के लिए झारखंड समेत देश भर में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्य सभा के उप सभापति हरिवंश और अन्य सांसद तथा प्रमुख नेता नई दिल्ली में संसद भवन परिसर में स्थित प्रेरणा स्थल पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। एक रिपोर्ट

*****************

लातेहार जिले के पलामू टाईगर रिजर्व क्षेत्र में पीटीआर प्रबंधन ने छह बाघ होने का दावा किया है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

*****************

राज्य के मौसम में एक बार फिर बदलाव देखने को मिलेगा। मौसम विभाग ने वेस्टर्न डिस्टर्बेस की वजह से राज्य के कुछ जिलों में बारिश की संभावना जताई है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के निदेशक अभिषेक आनंद के अनुसार आठ दिसंबर को रांची, पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, लातेहार और लोहरदगा में बारिश हो सकती है। उन्होंने बताया कि 9 दिसंबर को भी बारिश की संभावना बनी।